पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 13 अभियुक्त व 01 अभियुक्ता एवं एनबीडब्ल्यू में 02 वारंटी गिरफ्तार।

दिनांक 15.09.2024

दिनांक 14/15.09.2024 को-

01-थाना बीकेटी में पंजीकृत मु0अ0सं0- 263/2024 धारा 8/20 N.D.P.S ACT से संबंधित 03 अभियुक्तों- 01-सुदीप यादव, 02-नीरज यादव उर्फ मोनू, 03-सुप्रीत गौतम

02- थाना चिनहट में पंजीकृत मु0अ0सं0- 438/2024 धारा 64(1) BNS 3/4 पाक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त अजय कुमार

03- थाना दुबग्गा में पंजीकृत मु0अ0सं0- 0296/2024 धारा 305 ए/317(2) BNS से सम्बन्धित अभियुक्त संदीप उर्फ छोटू

04- थाना गोमतीनगर में पंजीकृत मु0अ0सं0- 435/2024 धारा 304(2)/317(2) BNS से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों-01-शफीकुल अली उर्फ भूरे 02-शाहबान अली उर्फ फरहान

05-थाना गोसाईगंज पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर वाहन चोर 01-राघवेन्द्र रावत उर्फ पिन्टू 02. रोहित वर्मा उर्फ गब्बर

06-थाना गुडम्बा में पंजीकृत मु0अ0सं0- 0364/2024 धारा 317(2)/338/336(3)/340(2)/3(5) BNS से संबंधित 02 अभियुक्तों 01-मोहम्मद फहीम 02-हारुन उर्फ बाबा

07-थाना मदेयगंज में पंजीकृत मु0अ0सं0- 134/2024 धारा- 191(2)/191(3) /190/109 /333 /118(1) /351(3) BNS से संबंधित 02 अभियुक्तों 01- सूरज सिंह उर्फ राजा 02- सुरेश शुक्ला उर्फ मोनू शुक्ला

08-थाना सुशान्त गोल्फ सिटी में पंजीकृत मु0अ0सं0- 484/2024 धारा 191(2)/191(3)/352/103(1) BNS, से संबंधित अभियुक्त अभियुक्ता नीतू उर्फ शिवानी गिरफ्तार

एवं

थाना महानगर में वाद सं0 669/21 मु0अ0सं0 23/21 धारा 342/376डी/377/506 भादवि व 5/6 पॉक्सो एक्ट से संबंधित 02 नफर वारंटी (अभियुक्ता) 01-गीता थापा 02- तान्या थापा गिरफ्तार

जोन-दक्षिणी

थाना बंथरा-आज दिनांक 15.09.2024 को थाना बंथरा पर जरिये स्टेशन मास्टर पिपरसन्ड उ0रे0 के सूचना प्राप्त हुयी कि दिनांक 14.09.2024 समय करीब 12.07 बजे HRN-POF DN line में km No- 17/24-26 पर ट्रैक के बाहर एक डेड बॉडी मिली है। **इस सूचना पर उ0नि0 अनुज कटियार मो0नं0- 9219989727 थाना बंथरा द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि HRN-POF DN line में km No- 17/24-26 पर ट्रैक के बाहर एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है। मृतक की जेव से एक पर्स मिला जिसमें आधार कार्ड व पेन कार्ड मिला। आधार कार्ड से मृतक की शिनाख्त नूर आलम पुत्र रहमत उल्ला निवासी पुरानी बाजार थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर उम्र करीब 24 वर्ष के रूप में हुई। प्रथमदृष्टया शव 5-6 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। परिजनों को सूचित कर दिया गया है। शव का पंचायतनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

थाना वजीरगंज-

आज दिनांक 15.09.24 को समय सुबह करीब 07:50 पर प्रभारी निरीक्षक खुलदाबाद, प्रयागराज ने जरिए दूरभाष सूचना दिया कि निरीक्षक अनुराग शर्मा पुत्र स्वर्गीय शिवकुमार शर्मा PNO-122370034 मूलनिवासी-मकान नंबर 7184 एवन कॉलोनी, नवीन नगर ,थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर **जो वर्तमान समय में प्रभारी न्यायालय सुरक्षा पुराना हाई कोर्ट लखनऊ में नियुक्त थे** जिनकी यात्रा के दौरान इलाहाबाद (प्रयागराज) में मृत्यु हो गई है जिनका शव जीरो रोड बस स्टैंड कोतवाली प्रयागराज क्षेत्र में पाया गया है प्रयागराज पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

थाना नाका-

आज दिनांक 15.09.24 प्रातः 08.40 बजे पिंक बूथ सं0-09 पर ड्यूटीरत **आरक्षी शशि देवी** एवं **ब्यूटी कुमारी** द्वारा एक 04 वर्षीय बच्ची को बस स्टेशन पर अकेला पाकर उसे सकुशल पिंक बूथ पर लाया गया। बच्ची द्वारा तसल्ली से बात करने पर माता-पिता से बिछड़ जाना बताया गया। इस पर उक्त आरक्षीगण द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए बच्ची के माता-पिता की खोजबीन कर **सकुशल बच्ची को उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए प्रशंसा की गई।**

थाना गोमतीनगर-

दिनांक 14.09.2024 को वादी श्री प्रवीण कुमार निवासी-220, एल्किो ग्रीन गोमतीनगर लखनऊ ने थाना गोमतीनगर पर सूचना दिया कि उनके परिचित श्री एस0एस0 श्रीवास्तव को उनके ड्राइवर द्वारा चाकू से हमला कर चोटिल किया गया एवं मौके से भाग गया है। **इस सूचना पर थाना गोमतीनगर पर मु0अ0सं0 455/2024 धारा 115(2)/352/109 बी0एन0एस0 का अभियोग पंजीकृत कर आरोपी अभियुक्त अमित सिंह को पुलिस ने हिरासत में लिया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है। घायल का उपचार लोहिया अस्पताल में चल रहा है, जो कि खतरे से बाहर हैं।**

थाना सुशान्त गोल्फ सिटी-

दिनांक 13.09.2024 को वादी श्री पवन कुमार जायसवाल, स्टोर मैनेजर, कल्याण ज्वैलर्स, लूलू माल, लखनऊ ने थाना स्थानीय पर सूचना दिया कि दिनांक 11.09.2024 को सायं को स्टोर बन्द करने से पहले स्टॉफ गिनती के समय हमे 02 बैंगल कम मिले, इस पर स्टोर में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक करने पर पता चला कि शाम को समय करीब 06.03 बजे 03 अज्ञात महिलायें जो बैंगल देखने आयीं थी ने बैंगल दिखाने के दौरान स्टाफ की नजरों से छुपा कर 02 बैंगल अपने पास रख लिये और बाद में शोरूम से चली गयीं। **इस सूचना पर थाना सुशान्त गोल्फ सिटी पर मु0अ0सं0 488/2024 धारा 303(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर साक्ष्य संकलन कर व सीसीटीवी फुटेज को चेक कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**